अमर उजाला
बरेली ■ शनिवार 17/02/2018
PAGE NO. 11 : MIDDLE

वर्कशाप में एसआरएमएस के छात्रों का रहा जलवा

बरेली। फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में उद्यमिता को लेकर हुई वर्कशाप में एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों का जलवा रहा। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन फॉर स्टार्ट-अप के अंतर्गत डॉ. कलाम स्टार्ट-अप परिक्रमा के चौथे संस्करण का आयोजन फ्यूचर कॉलेज में किया गया। टेक्निकल एजूकेशन क्वालिटी इंप्रूवमेंट प्रोग्राम के सहयोग से प्रदेश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों के डेढ़ सौ से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया। बिजनेस आईडिया कंपीटीशन में एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रा सिमरन छावड़ा, शिवेन्द्र चौहान, वैभव गुप्ता तथा श्रेया राय ने द्वितीय पुरस्कार जीता। संजना रस्तोगी, तनुजा द्विवेदी, ममता गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों का हुआ चयन: श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एक निजी कंपनी द्वारा पूल कैंपस का अयोजन किया गया। इसमें बीफार्मा, एमफार्मा के छात्रों का चयन किया गया। इसमें तीन छात्र रुहेलखंड विश्वविद्यालय के भी शामिल थे। कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। कंपनी के एचआर ने साक्षात्कार लिया। एमफार्मा का एक और बीफार्मा के 17 छात्र इसमें शामिल हुए।